<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 01.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखण्ड दौरे के दूसरे और आखिरी दिन आज आइआइटी–आइएसएम धनबाद के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उनके साथ राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू भी मौजूद रहे। श्रीमती मुर्मू दीक्षांत ने बीस प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने तकनीकी संस्थान के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी किया। मौके पर उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भागीदारी निभायें।

*********************

झारखण्ड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए बताया कि सत्र 1 से 7 अगस्त तक आहूत है, जिसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। 4 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। उन्होंने आशा जताई कि सदस्य सक्रिय और रचनात्मक योगदान देकर झारखंड को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मानसून सत्र के पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिवंगत कई प्रतिष्ठित हस्तियों और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद शोक प्रस्ताव पारित किया गया।

*********************

रांची के जगन्नाथपुर स्थित नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर में आज 76 वां राज्यव्यापी वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो और विधायक कल्पना सोरेन समेत कई मंत्री और विधायक शामिल हुए। उन्होंने पौधारोपन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त के अंतर्गत 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये जारी करेंगे। वे दो हजार दो सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ और शिलान्यास भी करेंगे।

*********************

खूंटी जिले के सभी छह प्रखंडों के राशन डीलरों ने आज समाहरणालय के सामने प्रदर्शन किया। राशन डीलरों ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की पॉश मशीन में अलग अलग डाटा एंट्री करने से राशन डीलरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने राशन वितरण के बकाये कमीशन के भुगतान की भी मांग की।

*********************

खूंटी के मुरहू प्रखंड के हातूमुंडी गांव के किसानों ने खेती–किसानी के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता–

*********************

लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के तासू गांव में आज सुबह चार बजे जंगली हाथी ने एक ग्रामीण को पटक कर मार डाला। रेंजर नंदकुमार महतो ने मृतक की पत्नी को तत्काल 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी।

*******समाप्त********